# भक्ति का दीप जलाये रखना | by Yashoda Lodhi Vidisha

भक्ति का दीप मन में जलाये रखना
प्रभु चरणों में मुझको बिठाये रखना
भक्ति का दीप मन में ................

मेरे नैनो को दर्शन तुम्हारा मिले
मेरे प्राणो को तेरा सहारा मिले
अपनी ममता का अमृत लुटाये रखना
प्रभु चरणों में मुझको बिठाये रखना
भक्ति का दीप मन में ................

मेरे स्वामी तेरे पग बहाती रहूं
भक्ति पूजा से तुमको रिझाती रहूं
अपनी सेवा में मुझको लगाए रखना
प्रभु चरणों में मुझको बिठाये रखना
भक्ति का दीप मन में ................

मेरे प्रभु गीत तेरे ही गाती रहूं
अपने जीवन को पावन बनाती रहूं
मेरी भूलों को हर दम भुलाये रखना
प्रभु चरणों में मुझको बिठाये रखना
भक्ति का दीप मन में ................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%aa-%e0%a4%9c%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-yashoda-lodhi-vidis/